कार्यालय कुलसचिव,
राजमाताविजयाराजेसिंधियाकृषिविश्वविद्यालय,
राजापंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर-474002, (म.प्र.)

Ph- :0751–2970519 (O) 0751–2970522 (Fax)
E-mail- registrar.rvskvv09@gmail.com, registrar@rvskvv.net

कुलसचिव

क्रमांक / कु.स. / शैक्ष. / 2024 / 871 दिनांकः 26.9.2024

// संशोधित अधिसूचना //

विषय– दशम् दीक्षांत समारोह के समय उपाधि प्राप्त करने हेतु सूचना एवं सहमति बावत्।

****

विश्वविद्यालय का दशम् दीक्षांत समारोह 15 अक्टूबर 2024 को कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के दत्तोपन्त ठेंगड़ी सभागार में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। दीक्षांत समारोह में निम्न तालिका अनुसार उपाधि प्रदान की जावेगी।

उपाधि	प्रवेश वर्ष	उपाधि पूर्ण करने की तिथि
स्नातक	2019-20, 2020-21 एवं उससे पूर्व	20.09.2024 तक
स्नातकोत्तर	2021-22, 2022-23 एवं उससे पूर्व	
पीएच.डी.	2020-21 एवं उससे पूर्व	

यदि आप उक्त समारोह में शामिल होना चाहते हैं तो संलग्न सहमति पत्र एवं पंजीयन शुल्क रूपये (₹) 500/– स्वयं अथवा डाक से दिनांक **25.09.2024** तक या इस के पूर्व संबंधित कृषि / उद्यानिकी महाविद्यालय मे प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त सहमति पत्र पर समारोह मे उपाधि प्रदान नहीं की जा सकेगी। कृपया यह भी नोट करें कि सभागार में आपको उपाधि आपके लिए निर्धारित क्रम पर ही प्रदान की जायेगी। मंच पर केवल स्वर्ण–पदक ही व्यक्तिगत रूप से माननीय कुलाधिपतिजी द्वारा प्रदान किये जावेगें। मंच पर पीएच.डी. की उपाधि माननीय की अनुमति उपरांत प्रदाय की जावेगी।

यह भी नोट किया जावे कि दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा, जिसके लिए आपको प्रस्तावित दिनांक **14.10.2024** को दोपहर **3:00** बजे अनिवार्य रूप से पूर्वाभ्यास के लिये उपस्थित रहना होगा। दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का किराया/ भत्ता आपको देय नहीं होगा। यदि दीक्षांत समरोह के आयोजन की निश्चित तिथि में परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना विश्वविद्यालय की बेबसाईट www.rvskvv.net पर दी जायेगी।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

कुलसचिव

दिनांकः 26.9.2024

पृष्ठांक्र./शैक्ष./2024/872
प्रतिलिपिसूचनार्थ एवंआवश्यक कार्यवाहीहेतुअग्रेषित :–

1. अधिष्ठाता, कृषि संकाय, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
2. निदेशक शिक्षण, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
3. अधिष्ठाता कृषि/ उद्यानिकी महाविद्यालय, ग्वालियर/ इन्दौर/ सीहोर/ खण्डवा/ मन्दसौर की ओर लेख है कि छात्रों से एकत्रित राशि चैक अथवा ड्राफ्ट के माध्यम से लेखानियंत्रक कार्यालय में एवं राशि जमा करने वाले छात्रों की सूची मय सहमति पत्र के कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 27.09.2024 को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।
4. पोर्टल प्रभारी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर की ओर विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड कराने बावत्।
5. निज सचिव, माननीय कुलपतिजी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
6. सुरक्षा/व्यक्तिगत नस्ती।

कुलसचिव

कार्यालय कुलसचिव,
राजमाताविजयाराजेसिंधियाकृषिविश्वविद्यालय,
राजापंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर-474002, (म.प्र.)
कुलसचिव
Ph- :0751–2970519 (O) 0751–2970522 (Fax)
E-mail- registrar.rvskvv09@gmail.com,
registrar@rvskvv.net

// सहमति पत्रक //

प्रति,

कुलसचिव,
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर

द्वारा: अधिष्ठाता कृषि/ उद्यानिकी महाविद्यालय

विषय: दशम् दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने की सूचना / सहमति।

****

दशम् दीक्षांत समारोह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने हेतु सहमति देता/ देती हूँ कि इसके लिये रूपये (₹)500/-पंजीयन राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में लेखा नियंत्रक, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम से संलग्न कर कृषि/ उद्यानिकी महाविद्यालय में प्रेषित है।

नोट-समारोह में भाग लेने हेतु छात्राओं को सफेद सलवार-सूट तथा छात्रों को सफेद कुर्ता-पायजामा धारण करने की स्वयं व्यवस्था करनी होगी। उत्तरीय, जैकेट एवं साफा प्राप्ति हेतु रूपये (₹)1000/-सुरक्षा निधि समारोह स्थल पर जमा करानी होगी, जो कि समारोह समाप्त होने के पश्चात् उक्त सामग्री जमा करने पर वापिस कर दी जावेगी।

उपाधि का नाम एवं विषय :.................................. हस्ताक्षर : ....

महाविद्यालय का नाम :.................................... विद्यार्थी का नाम : ....

उत्तीर्ण करने का वर्ष :...................................... आई.डी. नं. :...

ई-मेल :..मोबाईल नं. :..

डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक.................................. राशि (₹).......................दिनाकं................................

समारोह में शामिल होने वाले परिवार के व्यक्तियों की संख्या :..
(केवल स्वर्ण पदक विजेतओं के प्रकरण में)